# 'एक शिक्षक की सही पहचान उसके विद्यार्थी की सफलता से ही होती है'




शिक्षक दिवस पर महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के शिक्षकों को कुलगुरू आचार्य मनोज दीक्षित ने सम्मानित किया।

**बीकानेर,** (कासं)। महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय द्वारा सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन के जन्म दिवस (शिक्षक दिवस) के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय कुलगुरू आचार्य मनोज दीक्षित ने की।

मीडिया प्रभारी डॉ. बिट्ठल दास बिस्सा ने बताया कि कुलगुरू आचार्य मनोज दीक्षित की प्रेरणा से गत दो सत्रों से हम विश्वविद्यालय में प्रतिवर्ष 05 सितम्बर को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस को शिक्षक सम्मान समारोह के रूप में मनाते आ रहे हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय क्षेत्राधिकार के सम्बद्ध राजकीय महाविद्यालयों से सेवानिवृत शिक्षकों एवं विश्वविद्यालय शिक्षकों को सम्मानित करने की परम्परा का शुभारंभ विश्वविद्यालय ने किया है।

समारोह के प्रारम्भ में कुलसचिव अरविन्द बिश्नोई द्वारा स्वागत भाषण दिया जिसमें बिश्नोई द्वारा सम्मानित होने वाले शिक्षकों का अभिनंदन करते हुए शिक्षक दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे विद्यार्थियों को जीवन में सकारात्मक नजरिया अपनाने और उनमें अपने सपनों को कड़ी मेहनत से हासिल करने का जुनून विकसित करें। एक शिक्षक की सही पहचान उसके विद्यार्थी की सफलता से ही होती है।

समारोह के अध्यक्ष आचार्य मनोज दीक्षित ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि हमारा देश हमेशा से गुरू-शिष्य परम्परा का उपासक रहा है। गुरू को जीवन का मार्गदर्शक माना गया है। मां जन्म देती है ओर गुरू जीवन देता है। आज हम विकसित भारत के निर्माण का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। तब ये गुरू-शिष्य परम्परा भी हमारी बहुत बड़ी ताकत है। शिक्षक एक मजबूत देश, एक सशक्त समाज की बुनियाद होते हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय शिक्षकों से कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के संबंध में आने वाली चुनौतियां को ध्यान में रखते हुए हमें आगे बढ़ना होगा। आचार्य दीक्षित ने कहा कि सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन के बीकानेर आगमन पर गीता अध्ययन पर प्रकाश डाला।

समारोह में सत्र 2024-25 में सेवानिवृत प्रो. नन्दिता सिंघवी, प्रो. इन्द्रसिंह राजपुरोहित, प्रो. रचना माथुर, प्रो. अजन्ता गहलोत, प्रो. राजनारायण व्यास, प्रो. कल्याण सिंह, प्रो. रजनी शर्मा का सम्मान किया। साथ ही विश्वविद्यालय में पदस्थापित शिक्षक प्रो. राजाराम चोयल, डॉ. मेघना शर्मा, डॉ. अनिल कुमार दुलार, डॉ. प्रभुदान चारण, डॉ. लील कौर, डॉ. गौतम कुमार मेघवंशी, डॉ. धर्मेश हरवानी, डॉ. अभिषेक वशिष्ठ, डॉ. सीमा शर्मा, डॉ. प्रगति सोबती, डॉ. संतोष कंवर शेखावत, डॉ. ज्योति लखाणी, फौजा सिंह, अमरेश कुमार सिंह, मानकेशव सैनी, डॉ. यशवंत गहलोत, उमेश शर्मा एवं प्रो. रविन्द्र मंगल को सम्मानित किया गया। समारोह का संचालन एवं धन्यवाद भाषण अतिरिक्त कुलसचिव डॉ. बिट्ठल दास बिस्सा द्वारा दिया गया।

समारोह में संकायाध्यक्ष विधि प्रो. कुमुद जैन, संकायाध्यक्ष प्रबन्धन डॉ. पंकज जैन, उप कुलसचिव डॉ. प्रकाश सारण, निजी सचिव, कुलगुरू राघव पुरोहित, सम्पदा अधिकारी कुलदीप जैन, सहायक कुलसचिव निर्मल भार्गव, मुकेश पुरोहित, रजत भटनागर, कर्मचारी कल्याण समिति अध्यक्ष डॉ. आनन्दी लाल गढवाल सहित प्राचार्य मुदिता पोपली, डॉ. प्रशांत बिस्सा सहित अतिथि शिक्षक एवं कर्मचारी

■ **दीक्षित ने विश्वविद्यालय शिक्षकों से कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के संबंध में आने वाली चुनौतियां को ध्यान में रखते हुए हमें आगे बढ़ना होगा**

उपस्थित थे। भारत रत्न, दार्शनिक, विख्यात शिक्षाविद एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन पर सेवानिवृत्त शिक्षा अधिकारी समिति के ऊर्जावान से.नि. शिक्षा अधिकारियों द्वारा शिक्षक दिवस एवं वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन शिव मन्दिर प्रन्यास भवन, जयनारायण व्यास नगर, बीकानेर में उत्साहपूर्वक किया। वार्षिकोत्सव का शुभारंभ डॉ. राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्जवलन तथा सरस्वती वंदना के साथ हुआ।

वरिष्ठ शिक्षक एवं पदाधिकारी शिवनाम सिंह, सुरेश कुमार मित्तल, रामकिशोर शर्मा एवं डॉ. संजय सिंह सेंगर कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में मंचस्थ थे। समिति अध्यक्ष सुरेश कुमार मित्तल ने उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया। समिति का परिचय एवं वार्षिक लेखा जोखा तथा सचिव रामकिशोर शर्मा ने वार्षिक प्रतिवदेन प्रस्तुत किया। श्यामकृष्ण त्रिवेदी, मधु अग्रवाल, शिवनाम सिंह मौजूद थे।

## ध्वजा लिए कोडमदेसर भैंरू मेले में रवाना

**बीकानेर,** (कासं)। कोडमदेसर भैरू मेले में पहुंचने के लिए शहर व आसपास के गांवों से श्रद्धालु व कई संघ रवाना हुए। गजनेर रोड पर शाम को पैदल यात्रियों के जत्थे हाथ में ध्वजा लिए बाबा के जयकारे लगाते नजर आए।

पैदल यात्रियों के लिए चाय-नाश्ते से लेकर मेडिकल तक की सेवाएं करमीसर रोड से ही लगनी शुरू हो गई। कोडमदेसर भैंरूनाथ के मत्था टेकने के लिए श्रद्धालुओं में जोश इस कदर भरा हुआ था कि वह डीजे की धुन और भजनों पर थिरकते हुए चल रहे थे। किसी के चेहरे पर थकान की शिकन तक नहीं थी। खास बात यह है थी पैदल यात्रियों में महिलाओं के साथ बच्चे भी काफी थे। बारस को भरे मेले में तेरस और चौदस की तिथियों पर भी बाबा के दरबार में श्रद्धालुओं के उमड़ने का दौर जारी रहेगा। कुछ भक्त यहां सेवा के लिए आते है, कुछ मन्नतें पूरी होने पर बाबा के शीश झुकाने।

पुजारी परिवार के तेजकरण गहलोत और त्रिलोक ने बताया कि सुबह आरती के समय भव्य श्रृंगार, दीप-प्रज्वलन और शंख-घंटी की ध्वनि से संपूर्ण परिसर गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने भैंरूनाथ के प्रसाद, चांदी का वर्क और सिंदूर चढ़ाकर मत्था टेका। उन्होंने बताया कि देर रात में मंदिर में मेला परवान पर होगा।

पुलिस प्रशासन ने वाहनों को डायवर्ट किया। जयमलसर जाने वाले वाहनों को डायवर्ट करने के साथ दुपहियां व चौपहिया वाहनों को पार्किंग स्थल पर खड़ा करवाया ताकि मंदिर परिसर एरिया में श्रद्धालु और पैदल यात्रियों को कोई दिक्कत न हो।

## सार-समाचार

### शिक्षक संघ ने किया पौधारोपण



शिक्षक संघ ( रेसटा ) के स्थापना दिवस पर कर्मचारी मैदान में पौधारोपण किया।

**बीकानेर,** (कासं)। शिक्षक संघ एलीमेंट्री सैकण्डरी टीचर एसोसिएशन (रेसटा) राजस्थान के छठे स्थापना दिवस पर कर्मचारी मैदान में प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद की अध्यक्षता में शैक्षिक संगोष्ठी, पौधारोपण व सम्मान समारोह का आयोजन करके धूमधाम से मनाया गया। जिलाध्यक्ष सीताराम डूडी ने बताया कि इस अवसर पर संगठन की ओर पर्यावरण संरक्षण के लिए एक पेड़ शिक्षक के नाम अभियान में कर्मचारी मैदान सहित सार्वजनिक स्थानों पर 21 पौधे लगाएं गए। पांच दिन में राज्य भर 11 हजार एवं बीकानेर जिले भरे में 551 पौधे लगाएं जायेंगे। जिला सभाध्यक्ष गोपाल शर्मा एवं महामंत्री पवन शर्मा ने कहा कि शैक्षिक संगोष्ठी में राज्य सरकार की योजनाओं से सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को अधिक से अधिक संख्या में लाभान्वित करवाना, नामांकन वृद्धि, ड्रॉप आउट बच्चों की संख्या को कम करवाने हेतु कार्य करने का निर्णय लिया गया। प्रदेश कोषाध्यक्ष श्यामसुंदर विश्नोई ने कहा कि राज्य सरकार एवं शिक्षा विभाग को सभी संवर्गों की बकाया पदोन्नति, तबादले डीईओ की सीधी भर्ती की प्रक्रिया जल्द शुरू करनी चाहिए। शिक्षक संघ रेसटा की स्थापना 5 सितम्बर 2019 को हुई थी। इस अवसर पर उत्कृष्ट शैक्षणिक कार्य करने वाले गुरूजनों सेवानिवृत वरिष्ठ अध्यापक संजीव कुमार यादव, शिवरतन विश्नोई, महिपाल, भागचंद भादू का माला एवं साफा पहनाकर सम्मान किया गया। संघ के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद ने कहा कि संगठन की ओर से शिक्षकों की वाजिब मांगों के समाधान के लिए प्रयास किया जा रहा है। जो मांगें शेष है उनका समाधान भी जल्द करवाया जायेगा।

### भैंरूनाथ बाबा का विशेष श्रृंगार



वार्ड नंबर 77 बड़ी गुवाड़ में कोडमदेसर भैंरूनाथ बाबा का विशेष श्रृंगार व पूजा-अर्चना की।

**बीकानेर,** (कासं)। वार्ड नंबर 77 बड़ी गुवाड़ में रूपा मंडली द्वारा बाबा भैंरूनाथ कोडमदेसर महाराज की विशेष पूजा-अर्चना एवं भव्य ज्योत का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर रूपा मंडली के नारायण जादूसंगत ने बाबा भैंरूनाथ का विशेष श्रृंगार कर भक्तों को दर्शन करवाए। कार्यक्रम के दौरान देर रात से अल सुबह तक भजनों का आयोजन चलता रहा। भक्तगण बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ भजनों में लीन रहे। भजन गायक राजू, गणेश, श्यामलाल, नरेन्द्र, रवि, लखन, श्रीकांत, पवन, साहिल, अजय, गौतम, पंकज, अमित, कमल, कालू, अशोक, यश, अरविंद, वरूण, महावीर, सिमू, लोकेश, हिमांशु सहित अनेक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता राहुल जादूसंगत सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे और बाबा भैंरूनाथ के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा।

### नाटक बीती रे उमरिया का मंचन

**बीकानेर,** (कासं)। संकल्प नाट्य समिति एवं राजश्री कला मंदिर के संयुक्त तत्वावधान में 6 सितम्बर को शाम 7 बजे और 7 सितम्बर को दोपहर 11 बजे को टाउन हाल में दयानंद शर्मा द्वारा लिखित व निर्देशित नाटक बीती रे उमरिया का मंचन किया जा रहा है। प्रस्तुति प्रभारी संगीता शर्मा ने बताया कि लोक कथा और पौराणिक कथाओं से कथा सूत्र लेकर रचित इस नाटक में हृदय भक्त की भक्ति एवं निश्छल मर्म का प्रभावी चित्रण किया गया है। नाटक के पात्र काल्पनिक होते हुए भी वर्तमान से सीधे जुड़कर अनेक महत्वपूर्ण प्रश्न उपस्थित करते हैं।

### सांप निकलने से मचा हड़कम्प

**बीकानेर,** (कासं)। पवनपुरी स्थिति संजय पार्क में बड़ी संख्या में लोग टहलने आते हैं। इस दौरान वहां सांप निकलने से हड़कम्प मच गया। लोग पार्क से बाहर भागने लगे। सूचना मिलने पर समाजसेवी मोहम्मद इकबाल मौके पर पहुंचे और दो सांप पकड़कर वन विभाग को सुपुर्द किया। इकबाल ने बताया कि अब तक 2732 सांप और 229 गोयरे पकड़ कर वन विभाग को सौंप चुके हैं।

### डॉ. सुमंत व्यास होंगे नए कुलगुरू

**बीकानेर,** (कासं)। वेटरनरी विश्वविद्यालय के नए कुलगुरू डॉ.सुमंत व्यास होंगे। राज्यपाल एवं कुलाधिपति ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। डॉ. व्यास की नियुक्ति आगामी तीन वर्ष के लिए की गई है। इससे पूर्व डॉ. व्यास जोधपुर स्थित केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान में निदेशक (कार्यवाहक) के पद पर कार्यरत थे।

# पीबीएम में गंदगी करने पर अब देना पड़ेगा जुर्माना : डॉ. सोनी

**बीकानेर,** (कासं)। एसपी मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. गुंजन सोनी अमेरिका से लौट आये हैं। गुरूवार को कॉलेज में चिकित्सकों की बैठक लेकर उन्होंने वहां के अनुभव साझा किए और पीबीएम की सफाई व्यवस्था सुधारने के लिए गंदगी करने पर 250 रूपये जुर्माना वसूलने के निर्देश अधीक्षक को दिए हैं।

दरअसल अमेरिकी अस्पतालों में सफाई ओर उपचार संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी लेने के बाद उसी की तर्ज पर पीबीएम हॉस्पिटल में सुधार के प्रयास शुरू कर दिए गए हैं। प्रिंसिपल का कहना है कि वहां गंदगी फैलाने पर जुर्माना काफी सख्त है। इसलिए साफ सफाई बहुत है। लोग गंदगी नहीं फैलाते। कचरा डस्टबिन में ही डाला जाता है, जबकि पीबीएम में मरीज के अटेंडेंट जहां मर्जी कचरा फेंक देते हैं।

■ **वार्डों में मरीज के अटेंडेंट गंदगी फैलाते हुए नजर आये तो उनसे 250 रूपए जुर्माना वसूलने का प्रावधान किया जायेगा**

उन्होंने कहा कि वार्डों में मरीज के अटेंडेंट गंदगी फैलाते हुए नजर आये तो उनसे 250 रूपए जुर्माना वसूलने का प्रावधान किया जायेगा। अधीक्षक डॉ. सुरेन्द्र वर्मा से कहा गया है कि इस बिन्दु को राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी की बैठक में रखा जाए। संभागीय आयुक्त से प्रस्ताव का अनुमोदन होने के बाद इसे लागू कर दिया जायेगा। एसएसबी अधीक्षक डॉ. संजीव बुरी, मैट्रन, सफाई अधिकारी, सुरक्षा अधिकारी भी बैठक में मौजूद थे।

पीबीएम हॉस्पिटल के सभी सुरक्षा गार्डों को वॉकी टॉकी दिए जायेंगे ताकि किसी भी तरह की घटना घटने पर तीन मिनट में मौके पर पहुंचा जा सके। प्रिंसिपल ने कहा कि संदिग्ध लोगों से पूछताछ होगी। जानवरों का प्रवेश पूरी तरह से बंद करवाया जायेगा। महिलाओं से सम्मानजक व्यवहार करने के निर्देश सुरक्षा गार्ड ओर कर्मचारियों को दिए गए हैं। एसपी मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल ने पीबीएम हॉस्पिटल के वार्डों में गंदगी फैलाने पर 250 रूपए जुर्माना मरीज से वसूलने के निर्देश दिए हैं। हालांकि ये निर्णय आरएमआरएस की बैठक में अनुमोदन के बाद ही लागू होगा। यह सही है कि गंदगी मरीज के परिजन की फैलाते हैं। खाने-पीने की वस्तुएं अक्सर डस्टबिन के बाहर बिखरी रहती हैं। पान, गुटखे की पीक से दीवारें लाल पड़ी हैं।

## सुन्दरलाल दुग्गड़ की देहदान

**बीकानेर,** (कासं)। भामाशाह व समाजसेवी सुन्दरलाल दुग्गड़ का शुक्रवार को कोलकाता में अस्वस्थता के कारण निधन हो गया। वें 74 वर्ष के थे। उनके देहदान संकल्प के अनुसार मेडिकल कॉलेज कोलकाता से सम्बद्ध चिकित्सालय में सुपुर्द किया जायेगा।

कौशल दुग्गड़ ने बताया कि कोलकाता में उनके पार्थिव देह का दान मेडिकल कॉलेज में किया जायेगा। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। साधुमार्गी जैन संघ के वर्तमान आचार्य श्री रामलाल, पूर्व आचार्य नानालाल के प्रति उनकी अटूट श्रद्धा थी। उन्होंने ही आचार्य श्री रामलाल से अपनी जन्मभूमि में चार्तुमास करने की विनती की थी। कुछ दिन पूर्व ही वे देशनोक आये थे। भामाशाह स्व. दुग्गड़ ने देशनोक में गौशाला, कन्या स्कूल के निर्माण तथा सेवा कार्यों में बहुत बड़ी राशि का अर्थ सहयोग किया। उन्होंने देश में समता भवन, स्कूल, कन्या कॉलेज निर्माण सहित शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अनुकरणीय योगदान दिया।

# ट्रोमा सेन्टर में होलसेल भंडार का दवा केन्द्र शुरू

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर सहकारी उपभोक्ता होलसेल भंडार लि. बीकानेर द्वारा पीबीएम कैम्पस में स्थित ट्रोमा सेंटर विभाग में नव निर्मित दवा विक्रय केन्द्र नं.12 का शुभारंभ भंडार के अध्यक्ष नगेन्द्रपाल सिंह शेखावत, उपाध्यक्ष विनोद कुमार चौबदार व महाप्रबंधक रणवीर सिंह द्वारा फीता काटकर दुकान का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर भंडार के अध्यक्ष नगेन्द्रपाल सिंह शेखावत ने बताया कि भंडार द्वारा पूर्व में पीबीएम कैम्पस में 6 मेडिकल दुकानें, सैटेलाइट अस्पताल में 1 मेडिकल दुकान, अणचाबाई डिस्पेंसरी में 1 मेडिकल दुकान, तहसील नोखा में 1 मेडिकल दुकान व तहसील श्रीडूंगरगढ में 1 मेडिकल दुकान संचालित की जा रही है। अध्यक्ष ने बताया कि ट्रोमा सेंटर विभाग के पास दुकान खुलने से आपात परिस्थिति में आने वाले मरीजों को तत्काल मेडिकल दवाईयों की

■ **आरजीएचएस पेंशनर्स, राज्य कार्मिकों व आम उपभोक्ता को उचित दर पर दवाईयां उपलब्ध रहेगी**

उपलब्धता सुनिश्चित होने से गंभीर परिस्थिति में किसी व्यक्ति के अमूल्य जीवन की रक्षा हो सकेगी। इसके अतिरिक्त भंडार उक्त दुकान से आरजीएचएस पेंशनर्स, राज्य कार्मिकों व आम उपभोक्ता को उचित दर पर दवाईयां उपलब्ध करवायेगा। ग्लूकोज एवं सर्जिकल दवाईयां भी बाजार से उचित मूल्य पर विक्रय करेगा। महाप्रबंधक रणवीर सिंह ने बताया कि इस दुकान से ट्रोमा सेंटर विभाग, हृदय चिकित्सालय व कैंसर हॉस्पिटल में आने वाले मरीजों को वाजिब एवं उचित दर पर दवाईयां उपलब्ध रहेगी।

# महानगरों के लिए हवाई सेवा की मांग

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर जिला उद्योग संघ ने मांग उठाई है कि बीकानेर को सीधे मुम्बई, सूरत, कोलकाता, गुवाहाटी और असम जैसे महानगरों से हवाई मार्ग द्वारा जोड़ा जाए ताकि उद्योग-व्यापार और पर्यटन को नई दिशा मिल सके। व्यापारियों का कहना है कि नियमित हवाई सेवाएं मिलने से निवेशकों और प्रतिनिधियों का आवागमन सुगम होगा और बीकानेर के औद्योगिक उत्पाद देश-विदेश के बाजारों तक तेजी से पहुंच सकेंगे।

बीकानेर जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष द्वारकाप्रसाद पचीसिया, करणी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष महेश कोठारी, नरेश मित्तल एवं वीरेंद्र किराडू ने केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल को ज्ञापन सौंपकर यह मांग रखी।

■ **बीकानेर को सीधे मुम्बई, सूरत, कोलकाता, गुवाहाटी महानगरों को हवाई मार्ग से जोड़ने की मांग**

प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि बीकानेर भुजिया-नमकीन, मिठाई, ऊन, कृषि-आधारित उत्पाद और हस्तशिल्प उद्योगों के लिए देशभर में पहचान रखता है। ऐसे में सीधी हवाई कनेक्टिविटी व्यापार विस्तार और आर्थिक गतिविधियों के लिए बेहद जरूरी है। व्यापारियों ने केन्द्रीय मंत्री मेघवाल का आभार जताया।

## सिंधिया स्कूल में आदित्य शेखावत का चयन

**बीकानेर,** (कासं)। भाजपा नेता डॉ. सुरेन्द्र सिंह शेखावत के पुत्र आदित्य शेखावत का चयन देश के प्रतिष्ठित सिंधिया स्कूल ग्वालियर में हुआ।

आदित्य वर्तमान में आठवीं कक्षा का छात्र हैं जो बीकानेर के फ्लरिस इंटरनेशनल स्कूल में पढ़ रहा है। आदित्य पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करता रहा है। आदित्य 10 मीटर राइफल और पिस्टल की राज्य स्तरीय एवं प्री-नेशनल शूटिंग प्रतियोगिताओं में भाग ले चुका है। गौरतलब है कि सिंधिया स्कूल में उद्योगपति मुकेश अंबानी, पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह, सलमान खान और फिल्म निर्देशक अनुराग कश्यप जैसे नाम शामिल हैं। आदित्य के चयन होने पर उनके परिवार ने बधाई दी।

# उदयरामसर में दादा गुरूदेव का जाप व भक्ति संगीत संध्या आज

**बीकानेर,** (कासं)। जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ के गणिवर्य मेहुल प्रभ सागर म.सा., मुनि मंथन प्रभ सागर व मीत प्रभ सागर, साध्वी श्री दीपमाला, शंखनिधि श्रीजी के सानिध्य में उदयरामसर की दादाबाड़ी में शनिवार को सुबह नौ बजे दादा गुरूदेव इकतीसा व मंत्र जाप व शाम को भक्ति संगीत संध्या होगी।

रविवार को श्री चिंतामणि जैन मंदिर प्रन्यास के तत्वावधान में सकल श्रीसंघ के सहयोग से दादा गुरूदेव सुबह पूजा, उसके बाद भक्ति संगीत के साथ बड़ी पूजा, उसके बाद प्रसाद व मेले का आयोजन होगा। श्री चिंतामणि जैन मंदिर प्रन्यास के अध्यक्ष हरीश नाहटा ने बताया कि गणिवर्य व मुनिवृंद

■ **गणिवर्य व मुनिवृंद शनिवार को सुबह पांच बजे उदयरामसर के लिए विहार करेंगे तथा दो दिन रूकेंगे**

शनिवार को सुबह पांच बजे उदयरामसर के लिए विहार करेंगे। दो दिन तक उनके प्रवास के दौरान विविध धार्मिक अनुष्ठान उदयरामसर की दादाबाड़ी में होंगे।

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए टैंट, लाइट, पेयजल, विश्राम, पूजा व भक्ति के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। मेला स्थल पर खान-पान की वस्तुओं, खिलौने, झूले आदि लग गए है। श्रावक-श्राविकाएं पैदल, विभिन्न वाहनों, ऊंट गाड़ों से उदयरामसर पहुंचेंगे। श्रद्धालुओं के लिए गोगागेट के बाहर रविवार को सुबह दस बजे बस की व्यवस्था रहेगी।

प्रवचन-रांगड़ी चौक के सुगनजी महाराज के उपासरे में शुक्रवार को चार्तुमासिक प्रवचन में गणिवर्य मेहुल प्रभ सागर म.सा. ने कहा कि जिन शासन सत्य का उद्घोष करता है तथा व्यक्ति की बजाय गुणों का महत्व देता है। तीर्थंकर परमात्मा वीतरागता के गुण से ही पूजनीय बनते है। सम्यक दर्शन, ज्ञान, चरित्र से ही मोक्ष की यात्रा होती है।

# मोहम्मद साहब के जन्म दिन ईद मिलादुन्नबी पर 301 लोगों ने किया रक्तदान

**बीकानेर,** (कासं)। इस्लाम के पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के जन्म दिन ईद मिलादुन्नबी पर शुक्रवार को जमीअत उलमा-ए-हिन्द की बीकानेर शाखा की ओर से पुरानी जेल रोड पर स्थित ब्राह्मण स्वर्णकार पंचायती भवन में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न मोहल्लों के 301 से अधिक रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।

जमीअत उलमा-ए-हिन्द की बीकानेर शाखा के महासचिव मौलाना इरशाद कासमी ने बताया कि प्रिंस विजय सिंह मेमोरियल (पी.बी.एम.) संबद्ध चिकित्सालय वर्ग सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग रक्त केन्द्र तथा जमीअल उलमा ए हिन्द की ओर से रक्तदान करने वालों को प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि स्वैच्छिक रक्तदान



हजरत मोहम्मद साहब के जन्म दिन ईद मिलादुन्नबी पर रक्तदान करने वालों को पूर्व महापौर हाजी मकसूद ने प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया।

कर रक्तदाताओं ने सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रशंसनीय एवं अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। इनका रक्त नि:संदेह किसी रोगी की प्राण का रक्षक बनेगा। शिविर से जन साधारण में भी स्वैच्छिक रक्तदान की भावना जागृत होगी तथा रक्त वीरों से प्रेरणा पाक अन्य सहृदय व्यक्ति भी रक्तदान कर मरणासन्न रोगियों को

■ **रक्तदान करने वालों को प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया**

जीवनदान दे सकेंगे। मानवीय सेवा में निरन्तर रक्तदान का सहयोग करने वाले सच्चे रक्तदान वीर है।

लगातार 17 वर्ष तक आयोजित रक्तदान शिविर में जमीअत उलमा-ए-हिन्द, दिल्ली के ऑर्गेनाइजर मुफ्ती अब्दुल कबीर, संगठन के प्रदेश अध्यक्ष भरतपुर के मोहम्मद राशिद, महासचिव जोधपुर के मुफ्ती अब्दुल वहाब, बीकानेर इकाई के चिकित्सा सेवा प्रकोष्ठ के सचिव सैयद मोहम्मद इमरान, सुभानी मस्जिद के मुफ्ती सद्दाम हुसैन, लोहारों की मस्जिद के इमाम, नगर न्यास के पूर्व अध्यक्ष हाजी मकसूद अहमद मौजूद थे।

# 'पितृपक्ष में भागवत कथा श्रवण से पितरों का उद्धार होता है'

**बीकानेर,** (कासं)। हर पुरानी चीज निन्दनीय नहीं और नई वंदनीय नहीं। आज के समय में समाज शास्त्र, अर्थशास्त्र,राजनीति केवल शास्त्रों में ही रह गई है। ऐसे में भागवत को जीवन में उतारना चाहिए। क्योंकि भागवत पठन से सभी प्रकार के विषयों का ज्ञान हो जाता है। ये बात ब्रहऋषि आचार्य पूज्यपाद किरीट भाई ने शुक्रवार को गजनेर रोड स्थित श्रीराम मंदिर में प्रेसवार्ता के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि श्रीमद्‌भागवत और वह भी पितृपक्ष में श्रवण करना केवल पितरों का उद्धार नहीं अपनी आत्मा के उद्धार के लिए भी है। ऐसा करना इसलिए जरूरी है, क्योंकि श्रीमद्‌भागवत कथा समस्त ग्रंथों का सार है। किरीट भाई धर्म नगरी बीकानेर के श्री डूंगरगढ़ तहसील के गांव देराजसर में रेवंती देवी एवं स्व. कालूराम सारस्वा की स्मृति में करवाई जा रही श्रीमद्‌भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ में कथा व्यास के रूप में कथा का वाचन



देराजसर में रेवंती देवी एवं स्व. कालूराम सारस्वा की स्मृति में भागवत कथा करने आये किरीट भाई ने पत्रकार वार्ता को संबोधित किया।

करेंगे। यह भागवत कथा सारस्वा परिवार की ओर से 6 सितम्बर से सनातन धर्मप्रेमियों के लिए श्रीमद्‌भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जायेगा। आयोजनकर्ता भागीरथ प्रसाद सारस्वा ने बताया कि शनिवार 6 सितम्बर को दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक कथा का वाचन किरीट भाई द्वारा किया जायेगा। इससे पहले शिव मंदिर,देराजसर से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। यह कलश यात्रा सुबह 9 बजे गाजे-बाजों के साथ सैंकड़ो श्रद्धालु महिलाओं एवं पुरुषों द्वारा द्वारा सनातन धर्म के जयकारों के साथ निकाली जाएगी।